सं०सं०-स०क०स्था०(मु०)-108/2024-....4317

**बिहार सरकार**

**समाज कल्याण विभाग**

प्रेषक,

उप सचिव,
समाज कल्याण विभाग।

सेवा में,

सभी पदाधिकारी,
बिहार बाल विकास सेवा।
बिहार बाल संरक्षण सेवा।
बिहार सामाजिक सुरक्षा सेवा।
बिहार दिव्यांगजन सशक्तिकरण सेवा।

E-mail

पटना, दिनांक-05.08.2026

**विषय :-** **विभाग (मु०) अंतर्गत चार राजपत्रित सेवाएँ यथा-बिहार बाल विकास सेवा/ बिहार बाल संरक्षण सेवा/बिहार सामाजिक सुरक्षा सेवा/बिहार दिव्यांगज सशक्तिकरण सेवा के पदाधिकारियों के लिए सेवा सम्पुष्टि से पूर्व अनुशासनिक कार्रवाई से संबंधित अभिलेख के ऑनलाईन अभिलेखन के संबंध में।**

प्रसंग :- राजस्व पर्षद, बिहार, पटना के पत्रांक-1182 दिनांक-15.07.2026

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के द्वारा सूचित किया गया है कि केन्द्रीय परीक्षा समिति, राजस्व पर्षद की अधिसूचना सं०-1249 दिनांक-30.12.2024 के अनुसार राज्य की ग्रुप-A एवं ग्रुप-B सेवाओं के पदाधिकारियों की सेवा सम्पुष्टि से पूर्व अनुशासनिक कार्रवाई से संबंधित अभिलेखों को Online माध्यम से राजस्व पर्षद, बिहार की स्वीकृति हेतु अनिवार्य रूप से समर्पित किया जाना है। इस क्रम में एक वृहत दंड तथा एक लघु दंड से संबंधित अनुशासनिक कार्रवाई की संपूर्ण प्रक्रिया का विस्तृत विवरण विहित प्रारूप में ऑनलाईन अभिलेखित किया जाना है। राजस्व पर्षद, बिहार द्वारा ऑनलाइन पोर्टल (http://bor-dp.bihar.gov.in) तैयार किया गया है।

तदालोक में राजस्व पर्षद द्वारा विभाग के अधीनस्थ सभी प्रशिक्षु पदाधिकारियों को निदेशित करने का अनुरोध किया गया है वे सेवा सम्पुष्टि से पूर्व अनुशासनिक कार्रवाई से संबंधित अभिलेख का विवरण विहित ऑनलाईन पोर्टल पर ससमय अभिलिखित कर पर्षद की स्वीकृति हेतु समर्पित करना सुनिश्चित करें ताकि आवश्यक स्वीकृति प्रदान की जा सके।

उक्त के आलोक में विभाग (मु०) अंतर्गत राजपत्रित सेवाएँ यथा-बिहार बाल विकास सेवा/ बिहार बाल संरक्षण सेवा/बिहार सामाजिक सुरक्षा सेवा/बिहार दिव्यांगज सशक्तिकरण सेवा के प्रशिक्षु पदाधिकारी जिनका सेवा सम्पुष्टि नहीं हुआ है एवं उन पर किसी प्रकार का अनुशासनिक कार्रवाई चल रही है, तो उनके द्वारा अनुशासनिक कार्रवाई से संबंधित अभिलेख का विवरण विहित ऑनलाईन पोर्टल पर अभिलिखित करना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुलग्नक :- यथोक्त।**

विश्वासभाजन
05/08/26
उप सचिव,
समाज कल्याण विभाग।

D:Sthapana 2026/Draft 2026

ज्ञापांक :- स०क०स्था०(मु०)-108/2024-4317 पटना, दिनांक-05.08.2026

प्रतिलिपि :- **आई०टी० मैनेजर**, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

05/08/26

उप सचिव,

समाज कल्याण विभाग।

386

DS (Est.)
Urgent

# राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

सं0सं0–02/परी0–01 (राज0)–20/2024–1182

पटना, दिनांक- 15-07-2026.

प्रेषक,

**कुमार मंगलम**
सचिव
राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

सेवा में,

1. सभी अपर मुख्य सचिव, बिहार, पटना।
2. पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना।
3. महानिदेशक बिपार्ड, पटना।
4. सभी प्रधान सचिव/सभी सचिव
5. सभी विभागाध्यक्ष
6. सभी प्रमंडलीय आयुक्त एवं
7. सभी जिला पदाधिकारी, बिहार।

अपर मुख्य सचिव का कोषांग, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना — संख्या 6119 — 15 JUL 2026

**विषयः– भा०प्र०से०, भा०पु०से०, भा०व०से० तथा राज्य की ग्रुप–'ए' एवं ग्रुप–'बी' सेवाओं के पदाधिकारियों के लिए सेवा सम्पुष्टि से पूर्व अनुशासनिक कार्यवाही से संबंधित अभिलेख के ऑनलाईन अभिलेखन के संबंध में।**

**महाशय,**

केन्द्रीय परीक्षा समिति, राजस्व पर्षद की अधिसूचना संख्या–1249, दिनांक 30.12.2024 के अनुसार भा०प्र०से०, भा०पु०से०, भा०व०से० तथा राज्य की ग्रुप–'ए' एवं ग्रुप–'बी' सेवाओं के पदाधिकारियों की सेवा सम्पुष्टि से पूर्व अनुशासनिक कार्यवाही से संबंधित अभिलेखों को ऑनलाइन माध्यम से राजस्व पर्षद, बिहार की स्वीकृति हेतु अनिवार्य रूप से समर्पित किया जाना है। इस क्रम में एक **''वृहत दंड''** तथा एक **''लघु दंड''** से संबंधित अनुशासनिक कार्यवाही की संपूर्ण प्रक्रिया का विस्तृत विवरण विहित प्रारूप में ऑनलाइन अभिलिखित किया जाना है। उपर्युक्त के आलोक में राजस्व पर्षद, बिहार द्वारा ऑनलाइन पोर्टल (**http://bor-dp.bihar.gov.in**) तैयार किया गया है।

अतः अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ उपरोक्त सेवाओं के सभी प्रशिक्षु पदाधिकारियों को निर्देशित करने की कृपा करें कि वे सेवा सम्पुष्टि से पूर्व अनुशासनिक कार्यवाही से संबंधित अभिलेखों का विवरण विहित ऑनलाइन पोर्टल पर ससमय अभिलिखित कर राजस्व पर्षद, बिहार की स्वीकृति हेतु समर्पित करना सुनिश्चित करें, ताकि आवश्यक स्वीकृति प्रदान की जा सके।

S.O. (स्था0)
17/07/26

विश्वासभाजन
15/07/2026
**सचिव**
राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।